# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 20.09.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का आह्वान करते हुए कहा है कि विदेशों पर भारत की निर्भरता उसके सबसे बड़े दुश्मनों में से एक है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि भारत वर्ष 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए दुनिया के सामने एक आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में खड़ा हो। प्रधानमंत्री आज **समुद्र से समृद्धि** नामक एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश का लक्ष्य 2047 तक वैश्विक समुद्री व्यापार में अपनी हिस्सेदारी को तीन गुना करना है।

********************

कुड़मी समाज के रेल रोको आंदोलन के कारण राज्य में कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ है। आंदोलनकारी रांची, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो और गिरिडीह समेत अन्य जगहों के रेलवे ट्रैक पर बैठकर अपना विरोध जता रहे हैं। इस कारण कई ट्रेनें विभिन्न जगहों पर फंसी हुई हैं। आंदोलनकारियों ने मालगाड़ी के साथ–साथ पैसेंजर और एक्सप्रेस गाड़ी को भी रोक दिया है। इस आंदोलन के कारण रेलवे ने कई ट्रेनों को रद्द कर दिया है और कई ट्रेनों का आंशिक समापन करना पड़ा है। आज रांची से नई दिल्ली जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस को भी रद्द कर दिया गया है। वहीं, रांची – गोड्डा एक्सप्रेस भी आज रद्द रहेगी। दक्षिण पूर्व रेलवे के सीनियर डिविजनल कमर्शियल मैनेजर शुचि सिंह ने बताया कि कई रेलगाड़ियों के मार्ग में परिवर्तन भी किया गया है। कुड़मी समाज की प्रमुख मांग है कि उन्हें झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में आदिवासी यानि एसटी की सूची में शामिल किया जाए और कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान मिले।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर देशभर में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के दौरान आज जामताड़ा स्थित बस पड़ाव परिसर में उनके जीवन वृत्त पर जीवंत तस्वीरों का प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी के माध्यम से प्रधानमंत्री के बाल्यकाल से अब तक की प्रमुख घटनाओं, फैसलों, जनहित के लिए किए गए कार्य और कल्याणकारी नीतियों को विस्तार से पेश किया गया है। भाजपा के एक कार्यकर्त्ता मोहन शर्मा ने बताया कि इस प्रदर्शनी से दर्शकों को प्रेरणा मिलेगी।

********************

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर पूरे भारत के सभी स्कूलों को फिल्म **चलो जीते हैं** के प्रदर्शन का निर्देश दिया है। मुंबई में दर्शकों ने कहा कि वे इस फिल्म से पूरी तरह प्रेरित हैं और अपनी आदतों में ज़रूरी बदलाव लाएँगे।

********************

झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सह पाकुड़ जिले के प्रशासनिक न्यायाधीश संजय प्रसाद ने आज पाकुड़ में आयोजित्त कई न्यायिक सहित प्रशासनिक कार्यो में हिस्सा लिया। श्री प्रसाद ने व्यवहार न्यायालय, मंडल कारा और ओल्ड एज होम का निरीक्षण भी किया। न्यायमूर्ति ने विधिक सेवाएं सशक्तिकरण शिविर में हिस्सा लिया और दर्जनों लाभुकों के बीच परिसम्पत्ति का वितरण किया।

********************

उपराजधानी दुमका के बांस शिल्प को निरंतर नई पहचान मिल रही है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

********************

दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में बीती रात एक महिला और उसकी नतिनी की हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि घटना के समय परिवार के अन्य लोग बाहर गए हुए थे। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है।

********** *********